रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
रविवार
12 अप्रैल 2026, बरेली

एमडीसीए और आईके नेक्स्ट के बीच फाइनल मुकाबला आज

सेमीफाइनल में एमडीसीए ने बजाज और आईके नेक्स्ट ने एसएनएस को हराया

क्रिकेट

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल मैच में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को 34 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। मैच में निर्देश बैसोया मैन आफ द मैच चुने गए।

शनिवार शाम को दूसरा सेमीफाइनल मैच दूधिया रोशनी में आईके नेक्स्ट जनरल और एसएनएस बुलंदशहर के बीच खेला गया। दूसरे सेमीफाइनल में एसएनएस बुलंदशहर को 73 रन से हराकर आईके नेक्स्ट जनरेशन की टीम भी फाइनल में पहुंच गई। कप्तान शिवम शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया। इससे पहले दिल थामने वाले चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में एसएनएस बुलंदशहर ने एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी को तीन रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। जीत के लिए 243 रन का पीछा करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी 6 विकेट पर 240 रन ही बना सकी। इस मैच में एसएनएस बुलंदशहर के आलराउंडर अनुभव सिंह मैन आफ द मैच बने। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और आईएमए बरेली के अध्यक्ष डा. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी प्रदान की। रविवार को होने वाले फाइनल मैच में आईके नेक्स्ट जनरेशन का मुकाबला एमडीसीए की टीम से होगा। विजेता टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को भी 5100- 5100 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में विजेता टीम के खिलाड़ी को दी गई ट्रॉफी।